दैनिक **मरुधर विशेष**

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729



Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



असम के सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा तंज

# जीएसटी ने देश को दिए राफेल और एस-400 जैसे घातक हथियार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम



सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।

## ये अभेद्य सुरक्षा कवच हमारे करदाताओं की ताकत से बने




### लड़ाकू विमान और डिफेंस सिस्टम युद्ध में अहम

भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।

### एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खासियतें

एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की



### राफेल का नहीं कोई तोड़, दुश्मन चाहे जितना लगा ले जोर

राफेल लड़ाकू विमान भारत ने फ्रांस से खरीदे हैं। ये विमान महज एक मिनट में 60 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। राफेल की अधिकतम स्पीड 2,130 किमी/घंटा और 3700 किलोमीटर तक मारक क्षमता। अधिकतम भार उठाकर इसके उड़ने की क्षमता 24500 किलोग्राम है। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। विमान में ईंधन क्षमता 17 हजार किलोग्राम है। यह दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है, जो हर तरह के मिशन में भेजा जा सकता। 24,500 किलो उठाकर ले जाने में सक्षम राफेल लड़ाकू विमान 60 घंटे अतिरिक्त उड़ान की गारंटी देता है। 150 किलोमीटर की दूरी तक इससे दागी जाने वाली मिसाइल दुश्मन की नजर में जल्दी से नहीं आती। साथ ही यह हवा से जमीन पर मार करने में भी सक्षम है। राफेल जेट स्कैल्प मिसाइल से लैस है। स्कैल्प मिसाइल की रेंज 300 किलोमीटर है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने टैगोर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों के जरिए मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना प्रज्वलित की। मोदी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।



### सिमलिपाल उद्यान में 3 शिकारी गिरफ्तार

**बारीपदा।** ओडिशा वन विभाग के अधिकारियों ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है जो सिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान में जंगली जानवरों का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे। इन शिकारियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया



### हथियारों की आपूर्ति में शामिल 4 पर चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने नक्सलियों और अन्य आपराधिक तत्वों को हथियारों की आपूर्ति में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार 4 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, शस्त्र अधिनियम के आरोप हैं।




### कुए में जहरीली गैस ने ली 3 की जान

**नूंह।** जिले के मांडी खेड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। इसमें कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब 19 वर्षीय मोनिस, मुरादाबाद निवासी, सफाई के लिए एक पानी के कुएं में उतरा। मीथेन होने की अटकलें हैं।



### जैसलमेर में पटाखे जलाने, बेचने पर बैन

**जैसलमेर।** पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण राजस्थान के सीमावर्ती जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर और गंगानगर जिले अलर्ट पर हैं। जैसलमेर जिला प्रशासन ने आदेश दिया है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिले में पटाखे की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान पटाखे जलाना, बेचना और खरीदना भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने सख्ती से अमल करने को कहा है।



## चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी दिखा तनाव का असर

अदालत ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के फैसले पर जताई नाराजगी, भड़क गए चीफ जस्टिस

# वकीलों को कार्य स्थगन पर फटकारा, हमारी सेना युद्ध लड़ रही और आप घर बैठकर आराम फरमाना चाह रहे

### बार एसोसिएशन ने नो वर्क डे मनाने का किया था फैसला



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारत-पाक तनाव और जंग के हालात का असर अब कई शहरों में दिखने लगा है। कई शहरों के लिए जहां हवाई उड़ानें रद्द की गईं हैं। वहीं चंडीगढ़, सिरसा से अमृतसर और कटरा जाने वाली रोडवेज बसें बंद कर दी गई हैं।चंडीगढ़ से छात्रों की घर वापसी शुरू हो गई है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी इस तनावपूर्ण हालात का असर देखने को मिला, जब वकीलों के संघ ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल का हवाला देकर शुक्रवार को काम बंद रखने का फैसला किया। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने कड़ी आपत्ति जताई है। जस्टिस नागू ने कोर्ट रूम में ही दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आज न्यायिक कार्य स्थगित करने के निर्णय पर नाराजगी जताई और कहा कि सेना युद्ध लड़ रही है लेकिन आपलोग घर पर बैठकर आराम करना चाहते हैं। बार एसोसिएशन ने युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर शुक्रवार को नो वर्क डे मनाने का फैसला किया था और हाई कोर्ट से कोई भी प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने का अनुरोध किया था।

### वकील ने सुनवाई स्थगित करने की मांग उठाई

शुक्रवार को हाई कोर्ट से वकील गायब रहे। कोर्ट को अधिकांश मामलों को स्थगित करना पड़ा। जब चीफ जस्टिस नागू और जस्टिस सुमित गोयल की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित एक याचिका की सुनवाई करना शुरू किया तो पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील ने एसोसिएशन के कार्यस्थगन का हवाला देकर मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग की तो जस्टिस नागू भड़क गए।

**काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण**

इस दौरान जस्टिस नागू ने कहा कि काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने आपके बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से भी कहा है। खासकर तब, जब सेना लड़ाई लड़ रही है, और आप घर पर बैठकर आराम फरमाना चाहते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि संस्थाओं को काम करना जारी रखना होगा। हमें भी काम करना होगा, नहीं तो देश की पूरी व्यवस्था ठप्प हो जाएगी।

### अवमानना से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

## आदेश की अवहेलना कानून के शासन की नींव पर हमला, डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाएं

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें। दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है।



### कानून के ऊपर कोई नहीं

पीठ ने कहा कि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया। पीठ ने कहा, 'हम सजा को संशोधित कर रहे हैं और याचिकाकर्ता को उसकी सेवा के पदानुक्रम में एक स्तर की कमी करने की सजा सुनाई जाती है।

### अधिकारी पर एक लाख का जुर्माना भी

जिस अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया गया है, उन्हें साल 2023 में तहसीलदार पद से ही डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई थी। पीठ ने अधिकारी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति गवई ने आदेश देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि अदालत के आदेश की अवमानना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन नहीं देने पर की टिप्पणी

### उनका मनोबल न गिराएं, सुनवाई तक सेवामुक्त न करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करे, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी है। मौजूदा स्थिति में उनका मनोबल नहीं गिराया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 69 अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं को अगस्त में सुनवाई करेगी।

**सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह**

शीर्ष अदालत से याचिकाकर्ता महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह किया गया और कहा कि सेना को युवा अधिकारियों की जरूरत है और हर साल केवल 250 कर्मियों को स्थायी कमीशन दिया जाता है।

**महिलाओं को बाहर रखा**

गुरुस्वामी ने कहा कि कर्नल कुरैशी को स्थायी कमीशन से संबंधित इसी तरह की राहत के लिए कोर्ट आना पड़ा था। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष मामला पूरी तरह कानूनी है, इसका अधिकारियों की उपलब्धियों से कोई लेना-देना नहीं है।

### रेलवे की तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग प्रणाली की तकनीकी खामियों की पहचान कर इन्हें सुधारने के लिए गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। ये टिकट रेल यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जा सकते हैं और इस श्रेणी के अंतर्गत सीमित संख्या में सीट उपलब्ध होती हैं।

**याचिका में कई खामियों को गिनाया**

याचिका में आईआरसीटीसी) की तत्काल बुकिंग प्रणाली का गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था, ताकि ' खामियों' की पहचान कर इन्हें दूर किया जा सके।

बाबा को 'रूह अफजा' पर राहत

## कोई 'आपत्तिजनक' टिप्पणी नहीं करेंगे, कोर्ट ने मामला बंद किया



■ हलफनामों में दिए गए कथन बाध्यकारी होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव द्वारा हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी न करने का वचन देने के बाद मामला बंद कर दिया। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि रामदेव और पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा अपने हलफनामों में दिए गए कथन उनके लिए बाध्यकारी हैं और उन्होंने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया के पक्ष में मुकदमे का फैसला सुनाया। अदालत ने विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया था। हमदर्द ने दावा किया कि पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने आरोप लगाया कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया गया।

## शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में शांति और शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए महंत दिव्या गिरि ने हवन किया।

स्टार्टअप के वित्तपोषण, शोध और विकास को बढ़ावा मिलेगा

गुरुवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दी थी इसकी मंजूरी

## 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार्टअप फर्मों के लिए संशोधित कर्ज गारंटी योजना से उन्हें ऋण देने से जुड़ा जोखिम कम होगा जिससे शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सृजन के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गुरुवार को ही संशोधित 'स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना' (सीजीएसएस) को मंजूरी दी, जिसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी



कवर की सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने संस्थानों द्वारा ऋण साधनों पर निर्दिष्ट सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी-मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी।

### अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध होगा

इससे स्टार्टअप के लिए शोध एवं विकास, प्रयोग करने और अत्याधुनिक नवाचार,प्रौद्योगिकियों के सृजन के लिए अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। योजना में कंपनियों को 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा 85 और इससे अधिक के लिए 75 प्रतिशत कर दी है। देश में स्टार्टअप कंपनियों के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तैयार करने एक कार्ययोजना 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई थी।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी किया

आगामी 4-5 दिन तक बारिश की संभावना जताई

## पूर्वी भारत में लू चलेगी, कई भागों में होगी बारिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी भारत में शनिवार से लू चल सकती है। 4-5 दिन तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश और गरज के साथ बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान बंगाल में , 11-14 मई को बिहार और ओडिशा, 12-12 मई में झारखंड और 14-15 मई को उत्तर प्रदेश में लू चलेगी।



### बंगाल,ओडिशा और झारखंड में चलेंगी गरम हवाएं



**बारिश की संभावनी जताई थी**

इस महीने की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि मई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी देखने को मिल सकती है। लेकिन कभी-कभी आंधी-तूफान से गर्मी पिछले साल के भीषण स्तर तक नहीं पहुंच पाएगी। महापात्रा ने कहा था कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

**बंगाल में 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति**

10 मई से दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के अधिकांश स्थानों पर 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति बने रहने की संभावना है, इस क्षेत्र में शुष्क हवाएं पश्चम से उत्तर-पश्चिम की ओर चलेंगी।

### देश में 72 दिन लू के केस दर्ज

महापात्रा ने बताया कि अप्रैल में देश में 72 दिन लू के दर्ज किए गए। अप्रैल में राजस्थान और गुजरात में सामान्य से अधिक लू के दिन (छह से 11 दिन) और पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में (चार से छह दिन) दर्ज किए गए, जबकि सामान्य तौर पर दो से तीन दिन होते हैं। पूर्वी-मध्य भारत, महाराष्ट्र और उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत के आस-पास के हिस्सो में एक से तीन दिन लू के दर्ज किए गए, जो सामान्य से दो से तीन दिनों से थोड़ा कम है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी बोले

## वक्फ अधिनियम न्यायसंगत बना, संदेह होगा तो दूर करेंगे




■ कानून पर विपक्ष गलतफहमी फैला रहा

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण बताते हुए लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें कोई संदेह है तो वे आगे आएं, उनके संदेह को दूर किया जाएगा। माझी ने यह बात गुरुवार शाम नए वक्फ अधिनियम पर एक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही जिसमें ओडिशा के विभिन्न धर्मों और जिलों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माझी ने कहा, इस अधिनियम को लेकर कई गलतफहमियां हैं। हालांकि, इसमें प्रावधान न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण हैं। यदि आपको कोई संदेह है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# पाकिस्तानी झंडा फेंका, बलूचिस्तानी झंडा फहराया, 194वां देश बनेगा बलूचिस्तान किया दावा, यूएन में मान्यता के लिए लिखा पत्र, दिल्ली में जल्द बनाएंगे दूतावास!






## टुकड़ों में बंटा पाकिस्तान! बलोच लोगों ने भरी आजादी की हुंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका है। भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हर दुस्साहसिक हमले को नाकाम कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी झंडे को उतार कर फेंक दिया है। पाकिस्तान के कब्जे से लंबे समय से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे बलोच लोगों को अब ऐतिहासिक सफलता मिली है। बलोच जनता ने अपने क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडे उतारने शुरू कर दिए हैं और उनकी जगह बलूचिस्तान के राष्ट्रीय झंडे गर्व से फहराए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने जिस बलूचिस्तान को दशकों से दमन और अत्याचार में रखा गया, वहीं से अब आजादी की सबसे बुलंद आवाज उठ रही है। बलोच लोग अब अपने अधिकारों के लिए खड़े हो गए हैं और पाकिस्तान की एकता को खुली चुनौती दे रहे हैं। वहीं लंबे समय से पाकिस्तानी सेना के अत्याचार को सहने वाले बलूचिस्तान के लोगों के लिए ये समय सुकून देने वाला है। लोगों को जल्द ही पाकिस्तान से मुक्ति मिलने वाली है। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। देश के कई हिस्सों में लोग बलूचिस्तान का झंडा फहराकर जश्न मना रहे हैं।

## बलूच अपनी संस्कृति को बचाना चाह रहे



*बलूचिस्तान को लेकर पाकिस्तान के सामने मौजूदा मुद्दा सिर्फ आजादी का है और बलूच अपनी संस्कृति को पाकिस्तान से बचाना चाहते हैं। 1948 से चले आ रहे इस विद्रोह ने अब और तेजी पकड़ ली है। हाल ही में सैन्य संघर्ष के बाद बलूचिस्तान के नेता और लेखक मीर यार बलोच ने, बलूचिस्तान की आजादी का दावा किया है। उन्होंने कहा कि गैर बलूच कर्मचारी तत्काल बलूचिस्तान छोड़ दें। साथ ही वहां के ज्यादातर सरकारी दफ्तरों से पाकिस्तान का झंडा हटाकर, आजाद बलूचिस्तान का झंडा भी लगा दिया गया है। मीर यार बलोच ने यूनाइटेड नेशन्स से भी बलूचिस्तान में शांति सेना भेजते हुए उनके देश को लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्र मान्यता देने का लिखित अनुरोध किया है। इसके अलावा भारत से कहा है कि, वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली में दूतावास की इजाजत दे। मीर यार जल्दी स्वतंत्रता की परेड कराने और उसमें अपने मित्र देशों को बुलाने का दावा भी कर रहे हैं। अब देखना होगा कि यूएन कब उन्हें मान्यता देता है और दिल्ली में बलूचिस्तान की एंबेसी कहां खुलती है।*

## जय भारत और जय बलूचिस्तान का नारा गूंजा



मीर यार लगातार भारत के समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, प्रिय 140 करोड़ भारतीय भाइयों और बहनों, हम दो महान सभ्यताएं हैं। हम आपके साथ अपनी रोटी बांटते हैं, अपने सुख-दुख साझा करते हैं, और जब हम दोनों पर हमला होता है, तो आइए अपनी गोलियाँ भी साझा करें - ताकि हम मिलकर भारत माता और मातृभूमि बलूचिस्तान की रक्षा कर सकें। हमारी गोलियां हिंगलाज माता मंदिर की रक्षा करेंगी। हमारी गोलियां हमारे हिंदू भाइयों-बहनों को जबरन धर्मांतरण से बचाएंगी। हमारी गोलियां शांति लाएंगी और यही गोलियां आपकी विजय का मार्ग बनाएंगी। जय भारत! जय बलूचिस्तान!

### मदद के नाम पर जिन्ना का धोखा

1946 में, जब ब्रिटेन से आजादी की संभावना दिख रही थी, तो कलात के खान ने कलात की आजादी की वकालत करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को अपना वकील नियुक्त किया था। इसके बाद, 1947 में दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक में लॉर्ड माउंटबेटन, जवाहरलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना के साथ कलात के खान शामिल थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि कलात एक स्वतंत्र देश रहेगा। लेकिन जिन्ना ने खारन, लास-बेला और मकरान को कलात के साथ मिलाकर एकीकृत बलूचिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा। इसमें जिन्ना ने तमाम प्रलोभन इन चारों रियासतों को दिए, बावजूद इसके बात नहीं बनी। 11 अगस्त 1947 को कलात और मुस्लिम लीग के बीच हुए समझौते में कहा गया कि बलूचिस्तान, भारत और पाकिस्तान के साथ आजाद होगा। लेकिन कलात के खान ने तीन दिन पहले 12 अगस्त को आजादी की घोषणा कर दी। हालांकि, सितंबर 1947 में, अंग्रेजों ने दावा किया, कि कलात स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकता।

### पाक के लिए अफगानिस्तान का धमाकेदार जवाब

## हम उसको छोड़ेंगे नहीं, भारत से हमें बहुत प्यार



अफगानिस्तान ने भारत के लिए प्यार और पाकिस्तान के लिए गुस्सा दोनों खुलकर दिखा दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अफगान नागरिक एक भारतीय पर्यटक से बातचीत में भारत को 'पुराना दोस्त' बताते हैं और पाकिस्तानियों को 'छोड़ेंगे नहीं' कहकर चेतावनी दे देते हैं। वीडियो में एक अफगान नागरिक कहता है, कि हम अपने पड़ोसी (पाकिस्तान) को अंदर नहीं आने देंगे, लेकिन भारत से हमें बहुत प्यार है। भारतीय लोग हमारे पुराने दोस्त हैं। हमारे देश में उनका हमेशा स्वागत है। एक दूसरे अफगानी युवक ने बेझिझक कहा कि अगर कोई पाकिस्तानी यहां दिखा, तो हम उसको लात मारेंगे। हम उसको छोड़ेंगे नहीं! इस बयान के बाद दोनों युवक भारत के साथ अपने लंबे और मजबूत रिश्ते की बात भी करते हैं।

### अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों से विदेश मंत्री जयशंकर ने की बात, कहा

## पाकिस्तान की किसी भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया होगी

जयशंकर ने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की और उनसे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति' होनी चाहिए। जयशंकर-लैमी की बातचीत नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनातनी कम करने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो, इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी और यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

### दोनों पक्ष संयम बरतें: ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर जयशंकर ने कहा कि ईयू की विदेश और सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि के साथ वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की। भारत ने नपी-तुली कार्रवाई की है। बहरहाल, स्थिति बिगाड़ने वाली किसी भी हरकत के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। यूरोपीय संघ ने कहा कि वह क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अधिक लोगों की जान जाने की आशंका सहित अन्य परिणामों पर बारीकी से और बड़ी चिंता के साथ नजर बनाए हुए है। उसने कहा कि ईयू दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए हमलों से बचने का आह्वान करता है।

### पाक को लगा झटका, विश्व बैंक के प्रमुख बंगा बोले

## सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा-प्रदाता से अधिक नहीं



विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। बता दें, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### तुर्किये-अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद



भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं।

### भारत-पाक तनाव पर यूएस उपराष्ट्रपति बोले

## अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा चाहता हूं कि कोई बड़ा संघर्ष न हो

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका 'मूलतः कोई वास्ता नहीं है'। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है।

वेंस ने कहा कि हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं और कोई बड़ा संघर्ष न हो जाए। वाशिंगटन चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द 'कम हो'। उन्होंने कहा कि हम इन देशों को नियंत्रित नहीं कर सकते। भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम इन लोगों से अपील कर सकते हैं कि वे तनाव को कुछ कम करने की कोशिश करें लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे। इससे हमारा मूलतः कोई लेना देना नहीं है।'



### कूटनीतिक और शांत दिमाग से काम करें

*वेंस ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। इसलिए हम कूटनीतिक माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हम कामना करते हैं कि यह किसी व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या किसी परमाणु संघर्ष में न बदले, लेकिन हम इन चीजों को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं। वेंस ने कहा कि मुझे लगता है कि यहां कूटनीति और शांत दिमाग से काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह निश्चित रूप से विनाशकारी होगा। अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। बता दें, वेंस, उनकी पत्नी उषा वेंस और उनके तीन बच्चे जब भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर थे तभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए जताया आभार

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात

एजेंसी ▶▶

द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर रूस में आयोजित समारोह में भारत की ओर से भाग ले रहे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 80वें विजय दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भोज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।



### रूसी उप रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए

*रक्षा राज्य मंत्री सेठ, गुरुवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे थे। भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। मंत्री सेठ ने बताया कि इस बैठक में बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और रूस भविष्य में भी नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती स्थिति में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसके पहले संजय सेठ द्वितीय विश्व युद्ध के बलिदानी सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी शामिल हुए।*

### युद्ध के हालातों पर बोले मौलाना महमूद मदनी

## पूरा देश, सभी धर्म और मुसलमान भारतीय सेना के साथ, सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की हुई सैन्य कार्रवाई पर बड़ा बयान दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।



### भारत हमारा वतन

मदनी ने कहा कि भारत हमारा वतन है। इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता का संदेश दिया है और आज जब हमारी सीमाओं पर खतरा मंडरा रहा है, तो हम अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की घोषणा करते हैं।

### नया भारत घर में घुसकर मारता है: मंत्री शेखावत



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत अब नापाक पाकिस्तान की ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। यह नया भारत है, जो सक्षम और समर्थ है जो आतंकियों के घर में घुसकर मारता है।

### कोर्ट में पेश किया गया आरोपी राणा

## 6 जून तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत एनआईए स्लीपर सेल के बारे में पूछ रही

26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा को शुक्रवार नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 6 जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राणा को हाल ही में अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

कोर्ट ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि राणा की हर 24 घंटे में मेडिकल जांच की जाए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जाए। राणा को एनआईए मुख्यालय के हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है।



एनआईए की पूछताछ में राणा से उसके पाकिस्तानी हैंडलर, फंडिंग के स्रोत, और संभावित स्लीपर सेल नेटवर्क के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। जांच एजेंसी को शक है कि राणा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गहरा संबंध था।

### सीएम उमर अब्दुल्ला पहुंचे जम्मू

## पीड़ितों से की मुलाकात, इलाज और सहायता का दिया आश्वासन

गुरुवार रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए सीएम उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे। सीएम सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल हुए नागरिकों से मिले। उन्होंने जीएमसी जम्मू में पीड़ितों और अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें उनके इलाज और ठीक होने के लिए पूरी सरकारी सहायता का आश्वासन दिया।



### सेना किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

*जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।*

## जम्मू-राजस्थान वाली ट्रेनों के बदले रूट-टाइम

उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण ने जानकारी दी कि कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री अपनी यात्रा से पहले नई जानकारी जरूर चेक करें और जरूरत पड़ने पर कोई विकल्प भी तैयार रखें। इस स्थिति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है और समुचित व्यवस्था करने का वादा किया है।

### 'आकाश' ने किया पाक ड्रोन के हमलों को नाकाम

## डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने बनाई मिसाइल

देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है। 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया। भारतीय सेना और वायुसेना दोनों ने पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली तैनात की है। आकाश को रक्षा



अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है।

### 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना

आकाश बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एनजी 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

### एक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक 12 पर कर सकती है हमला

आकाश में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से 12 पर हमला कर सकती है।


## कस्बे में महिला वैश्य समाज ने पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** वैश्य समाज कठूमर के तत्वावधान में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए चलायें जा रहे। अभियान के तहत महिला वैश्य समाज कठूमर द्वारा शुक्रवार को भिक्की वाली बगीची, कोठी वाली बगीची सहित अन्य बगीचीयो पर परिंडे लगाये गये। महिला वैश्य समाज की महामंत्री वर्षा जैन ने बताया कि महिला अध्यक्ष बीना बंसल के सानिध्य में महिलाओं को लिए घरों पर भी लगाने के लिए परिंडे दिये गये। और इनमें रोज पानी भरने का भी जिम्मा दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीना खंडेलवाल व अनीता जैन, उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, सांस्कृतिक मंत्री पूजा जैन, रेखा खंडेलवाल, विमलेश खंडेलवाल, विमलेश शर्मा आदि महिला मौजूद थी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा हनुमान मंदिर में भारतीय सेना की सुरक्षा एवं जीत के लिए हनुमान चालीसा पढ़कर की प्रार्थना



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर भारतीय सेना की सुरक्षा एवं जीत की कामना के लिए हनुमान चालीसा का वाचन किया गया। ओबीसी मोर्चा मंडल के लोकेश प्रजापति ने बताया कि सभी कार्यकर्ता प्राचीन हनुमान मंदिर पर पहुंचकर हनुमान चालीसा पढ़कर भारतीय सेना की सकुशल सुरक्षा करने एवं युद्ध में भारतीय सेना की जीत के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह सिंह भाया ,पूर्व जिला मंत्री सुरेंद्र यादव ,ओबीसी मोर्चा मंडल के लोकेश प्रजापति ,अनिल राठी ,प्रदीप यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विप्र फ़ाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी ने आव्हान किया की संपूर्ण देश मे ' ओम राम राम परशुराम, परशु हस्ताय नमः'मंत्र का जाप कर भगवान् परशुराम का आव्हान करना



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: विप्र फ़ाउंडेशन बांसवाडा के तत्वावधान मे आज तहसील केंद्र गनोडा मे विप्र फ़ाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी ने आव्हान किया की संपूर्ण देश मे "" ओम राम राम परशुराम, परशु हस्ताय नमः"""मंत्र का जाप कर भगवान् परशुराम का आव्हान करना है। प्रदेश महा मंत्री योगेश जोशी ने बताया की समस्त सनातन धर्मी रविवार रात तक उक्त मंत्रो का जाप कर भगवान् परशुराम का आव्हान कर युद्ध मे विजय पाने मे सेना को सहयोग करना है। संपूर्ण देश मे उक्त मंत्रो का ग्यारह करोड़ जाप किये जायेंगे वही वागड़, काँठल जिला बांसवाड़ा,डूंगरपुर, प्रतापगढ़ मे सवा करोड़ मंत्र का जाप करना है। उक्त मंत्रो का जाप मंदिरों मे सार्वजनिक स्थान घर पर सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से कर सकेंगे। इस अवसर पर विप्र फ़ाउंडेशन जिला सरक्षक् रुद्रेश्वर पंडया महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष शशि जोशी भूपेंद्र पंडया भगवती शंकर व्यास विधान सभा संयोजक दर्शन व्यास कपिल व्यास उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर अलगाववादी पोस्ट करना पड़ा भारी, तीन युवकों को किया गिरफ्तार





श्रीगंगानगर

भारत-पाक सीमा से सटे श्रीगंगानगर जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री साझा करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। इनमें भड़काऊ वीडियो और संदेश मिले हैं। गिरफ्तारियां सादुलशहर और घमूड़वाली थानों की ओर से की गईं। सादुलशहर थाना पुलिस ने खारा चक किलांवाली निवासी बुटा सिंह को पकड़ा है। उसने फेसबुक पर ऐसा वीडियो पोस्ट किया था, जो देश की अखंडता के खिलाफ था। वीडियो में धार्मिक नफरत फैलाने वाली बातें थीं। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है। उसके खिलाफ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। घमूड़वाली थाना पुलिस ने आज सुबह दो सगे भाइयों प्रदीप सिंह (28) और लवप्रीत सिंह (26) को गिरफ्तार किया। इन पर आरोप है कि इन्होंने व्हाट्सएप पर पाकिस्तान के झंडे, टैंक और हेलिकॉप्टर जैसे प्रतीकों वाला वीडियो साझा किया। यह वीडियो लोगों में अलगाववादी सोच फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के इरादे से भेजा गया था। दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। इनके खिलाफ भी UAPA और BNS की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जांच उच्च अधिकारी कर रहे हैं। श्रीगंगानगर जिला भारत-पाक सीमा से सटा अति संवेदनशील इलाका है। यहां इस तरह की गतिविधियां सिर्फ कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा मानी जाती हैं। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले और सेना के 'ऑपरेशन सिंदुर' के चलते सुरक्षा एजेंसियां पहले से सतर्क हैं।

# पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, 237 करोड़ रुपए के सरकारी विज्ञापन घोटाले का है आरोप

जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने भजनलाल सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी किया है. पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में कथित तौर पर सरकारी विज्ञापन घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया. न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने मामले की सुनवाई की और आगे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया. इस पूरे विवाद के केंद्र में वे सभी निर्णय हैं, जो राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच के दायरे में आए थे और जो उस समय लिए गए थे. मामला उस वक्त का है, जब शांति धारीवाल तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री थे और जीएस संधू (सेवानिवृत्त आईएएस) राजस्थान सरकार में प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत थे. सुप्रीम कोर्ट में मामला फिर से सामने आने के बाद यह जांच का विषय बना है कि क्या इन दोनों के कार्यकाल में सरकारी पदों का दुरुपयोग करते हुए खरीद प्रक्रियाओं की अनदेखी कर भारी वित्तीय निर्णय लिए गए? राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा, अधिवक्ता निधि जसवाल और वरिष्ठ अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने मजबूत दलीलें दीं.



### बिना किसी टेंडर के फर्जी बिल बनाकर निकाल ली राशि

उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित भजनलाल सरकार ने इस मामले में पुराने रुख को बदलते हुए जनता के धन के दुरुपयोग की गंभीर सामग्री के आधार पर यह याचिका दाखिल की है. यह घोटाला 2014 में दर्ज की गई 4 एफआईआर (संख्या 404, 406, 407 और 408) पर आधारित है. इस एफआईआर में आरोप लगाया गया कि क्रेयॉन्स एडवर्टाइजिंग लिमिटेड और इसके निदेशक अजय चोपड़ा ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्थानीय निकाय विभाग और निवेश एवं संवर्धन ब्यूरो के अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी विज्ञापन बिल तैयार किए. बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के राज्य सरकार से करोड़ों रुपए की राशि निकाल ली.

### राज्य को भारी वित्तीय नुकसान

जांच में यह सामने आया कि 2008 से 2013 के बीच कुल विज्ञापन कार्य का लगभग 90% हिस्सा क्रेयॉन्स एडवर्टाइजिंग को सौंपा गया, जो कि स्पष्ट रूप से खरीद नियमों का उल्लंघन था. इसके चलते राज्य को भारी वित्तीय नुकसान हुआ. ACB द्वारा 2017 में दायर चार्जशीट में चयन समिति पर इसकी जिम्मेदारी तय की गई है. इसमें रामप्रसाद जात (तत्कालीन जनसंपर्क अधिकारी), ताराचंद मीणा (निदेशक), श्याम सिंह (अतिरिक्त निदेशक), मनीष गोयल (प्रोजेक्ट डायरेक्टर, स्थानीय स्वशासन विभाग) और राजेन्द्र विजयवर्गीय (सीनियर टाउन प्लानर) का नाम भी शामिल किया गया है. इस चयन को तत्कालीन प्रमुख सचिव जीएस संधू और तत्कालीन मंत्री शांति धारीवाल द्वारा स्वीकृत किया गया था.

### 2017 में दायर की गई थी चार्जशीट

2017 में निजी व्यक्तियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी, 2019 में एक क्लोज़र रिपोर्ट दाखिल की गई. इसमें कुछ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों को जांच से बाहर कर दिया गया. फिर भी पूर्व में दाखिल चार्जशीट और पूरक चार्जशीट को अंतिम चार्जशीट माना गया. 10 दिसंबर 2021 को राज्य सरकार ने एक आदेश पारित कर चारों एफआईआरों के संबंध में CrPC की धारा 321 के तहत अभियोजन समाप्ति के लिए आवेदन दाखिल करने का निर्णय लिया. 2022 में यह आवेदन दाखिल किए गए, जिन्हें ACB के विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दिया. 2024 में सरकार बदलने के बाद बीजेपी सरकार ने इन पुनरीक्षण याचिकाओं को वापस लेने का आवेदन दायर किया. हालांकि, राजस्थान हाई कोर्ट ने यह याचिकाएं खारिज कर दीं और राज्य सरकार पर प्रति याचिका ?1 लाख का जुर्माना लगाया. अब सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि क्या कोई नवनिर्वाचित राज्य सरकार भ्रष्टाचार जैसे आपराधिक मामलों में पूर्व सरकार के रुख को बदल सकती है?

नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शहर में देखी सफाई व्यवस्था

## गंदे जल की निकासी हेतु सीवरेज कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष



**कोटपूतली-** बहरोड़, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शुक्रवार को शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं संबंधितों को पाबंद करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु पाबंद किया. उन्होंने सभी छोटे-बड़े नाले-नालियों की सफाई, शौचालयों की नियमित सफाई, खुले नालों पर स्लैब से ढकना तथा विभिन्न चौक चौराहों पर अवस्थित महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई करने को कहा। साथ ही बाजार शाखा की टीम को पूरे मार्ग में अवैध व अव्यवस्थित रूप से लगाए होर्डिंग्स या बैनर को चिन्हित करते हुए हटाने को कहा।

उन्होंने नगर परिषद कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन कूड़े का उचित तरीके से उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सख्ती दिखाते हुए और भी बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अधिक मात्रा में कूड़ा जमा होता है, वहां सुबह और शाम दोनों समय कूड़ा उठाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने शहर की सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेकर समयबद्ध गुणवत्ता के साथ कार्य सुनिश्चित करने को कहा तथा शहर की सड़कों में जलभराव होने पर कंक्रीट एवं अन्य माध्यमों से उसकी मरम्मत करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निगरानी प्रणाली के तहत संबंधित सफाई निरीक्षक व अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर सफाई कार्य देखें एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें. उन्होंने लोगों से घरों का कूड़ा सड़कों पर न फेंकने और उसे निर्धारित स्थानों पर ही फेंकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विभाग लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार है और सफाई से जुड़ी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। इस दौरान एक्सईएन दीपक मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

## अवैध हथियार मामले में हिस्ट्रीशीटर हरि लंगड़े गिरफ्तार, भेजा जेल

अजमेर


अजमेर में क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने अवैध हथियार बेचने के मामले में हिस्ट्रीशीटर हरि लंगड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले पिस्तौल के साथ पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर यह कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। क्रिश्चियन गंज थाने के एएसआई मंगाराम ने बताया कि 7 मई को जिला स्पेशल टीम और थाना पुलिस ने यूआईटी कॉलोनी भक्ति धाम निवासी जयदीप सिंह उर्फ प्रिंस को पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। एएसआई मंगाराम ने बताया कि दो दिन के पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में जयदीप ने खुलासा किया कि उसने हथियार हिस्ट्रीशीटर हरि लंगड़े से खरीदा था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर हरि लंगड़े को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



## जांच में फेल हुई नामी कंपनियों की आइसक्रीम, मिल्क फैट मिला कम

हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ जिले में चल रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत लिए गए आइसक्रीम के सैम्पल की रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड प्राप्त हुई है। अप्रैल महीने में जांच के लिए सैंपल जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बीकानेर भेजे गए थे। खाद्य सामग्री के सैंपल की रिपोर्ट में हनुमानगढ़ की मै. ममता एजेंसी, मै. गणेश ट्रेडिंग कम्पनी और मै. न्यू कामरा इंटरप्राइजेज से लिए गए ब्रांडेड कम्पनियों की आइसक्रीम के सैम्पल की रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड प्राप्त हुई है। हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से तीनों संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार और रफीक मोहम्मद की ओर से 22 अप्रैल को हनुमानगढ़ जिले में विभिन्न ब्रांड की आइसक्रीम और आइसकेंडी के नमूने लेकर बीकानेर की जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाए गए थे। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर कई नामी आइसक्रीम कम्पनियों की आइसक्रीम जांच में सब स्टैंडर्ड पाई गई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हनुमानगढ़ जंक्शन से मै. ममता एजेंसी से लिए गए वॉडीलाल ब्राण्ड आइसक्रीम में मिल्क फेट निर्धारित मात्रा 10 प्रतिशत से कम 6.84 प्रतिशत प्राप्त होने पर सब स्टैंडर्ड होना पाया गया। इसके बाद हनुमानगढ़ टाउन में कोहला स्थित मै. श्री गणेश ट्रेडिंग कम्पनी से लिए गए क्रीमवेल ब्रांड की आइसक्रीम में मिल्क फेट निर्धारित मात्रा 10 प्रतिशत से कम 7.11 प्रतिशत प्राप्त होने पर सब स्टैंडर्ड होना पाया गया। इसी तरह हनुमानगढ़ टाउन की अल्फा मार्केट स्थित मै. न्यू कामरा इंटरप्राइजेज से लिए गए अमूल ब्रांड आइसक्रीम में मिल्क फेट निर्धारित मात्रा 10 प्रतिशत से बहुत कम 3.49 प्रतिशत होना और साथ ही टोटल सोलीड 36 प्रतिशत की जगह 23.56 प्रतिशत होना पाए जाने पर सब स्टैंडर्ड पाया गया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि संग्रहित किए गए नमूनों में क्रीमवेल की आइसकैंडी, हेमोर ब्रांड की आइसक्रीम और आइसकैंडी जांच रिपोर्ट में पूर्णतया अमानक पाई गई है।



## जैसलमेर में मिले पाकिस्तानी हमले के सबूत, आबादी वाली बस्ती में मिले बम, ड्रोन का मलबा भी बरामद

जैसलमेर


पाकिस्तान की ओर से सीमावर्ती जिले जैसलमेर में गुरुवार रात को हवाई हमला किया गया। इस हमले में मिसाइल, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना ने दुश्मन देश से आने वाले हर हमले का करारा जवाब देते हुए उसे नाकाम कर दिया। शुक्रवार सुबह जैसलमेर के किशनघाट क्षेत्र में रात को हुए इस हमले के दौरान गिरा एक बम मिला है। आबादी वाले इलाके में मिले बम से हड़कंप मच गया। यह बम किशनघाट के पास स्थित नर्सरी के सामने स्थित जोगियों की बस्ती में मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एयरफोर्स की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को सील कर दिया गया। जैसलमेर शहर में स्थित सूली डूंगर के पास पाकिस्तानी ड्रोन का मलबा मिला है। देर रात आर्मी के लोग मलबा अपने साथ लेकर गए। स्थानीय निवासी और प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन नाथ ने सबसे पहले इस संदिग्ध वस्तु को देखा और उसने तुरंत किशनघाट के सरपंच प्रतिनिधि कल्याणराम को इस बारे में अवगत कराया। कल्याणराम ने भी बिना देर किए कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की टीम हरकत में आई। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ-साथ वायुसेना की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। संभावित खतरे को देखते हुए स्थान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जो बमनुमा वस्तु की जांच में जुटा हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, बरामद की गई वस्तु जीवित बम हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरत रही हैं और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात करीब 10.30 बजे की बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह बम पाकिस्तान द्वारा जैसलमेर पर किए गए संभावित हमले के दौरान गिरा हो सकता है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पहलू की भी गहनता से जांच कर रही हैं। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबलों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।



# पाकिस्तानी हमलों के बीच सरकार ने ड्रोन उड़ाने पर लगाई रोक

जोधपुर

एलओसी पर तनाव है। राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़ जैसे जिलों में पूरी तरह से हाई अलर्ट जारी है। ड्रोन उड़ाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी से ड्रोन हमले हुए हैं। ऐसे में भारत-पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र, सैन्य छावनी क्षेत्र रेड जोन के दायरे में शामिल किए गए है, इस एरिया में ड्रोन की गतिविधियों पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ-साथ जिले के अन्य पूरे क्षेत्र को येलो जोन घोषित कर बिना अनुमति ड्रोन के संचालन पर रोक रहेगी। सीमावर्ती इलाके में पाकिस्तानी हमले के बाद कोटा जिले में संवेदनशील एवं सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कोटा शहर में स्थित आर्मी एरिया, थर्मल पावर स्टेशन, एयरपोर्ट, कोटा बैराज, डीसीएम, कोटा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), गोयल प्रोटीन (थाना मंडाना), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ऑयल डिपो बृजेशपुरा (थाना कैथून), चंबल फर्टीलाइज़र केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) गढ़ेपान (थाना सीमलिया), नवनेरा डैम (थाना बूढ़ादीत), मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोडक (थाना मोडक) एवं इनके आसपास 50 मीटर की परिधि को ड्रोन संचालन लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार इन प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण कोटा जिले में बिना सक्षम स्वीकृति के ड्रोन संचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह आदेश 8 मई की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होकर 7 जुलाई 2025 की प्रातः 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा। हालांकि, यह प्रतिबंध सेना, पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड, रेलवे और अन्य सरकारी गतिविधियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही जिले में आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों में फोटोग्राफी हेतु 10 मीटर की ऊंचाई तक ड्रोन संचालन की अनुमति रहेगी। जिला प्रशासन ने यह आदेश सार्वजनिक हित में जारी किया है ताकि कोटा जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक कोटा शहर एवं ग्रामीण को आदेश की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# पाकिस्तानी हमले से निपटने के लिए राजस्थान में गाइड लाइन जारी, भड़काऊ पोस्ट पर तत्काल गिरफ्तारी

**जयपुर**



पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान सरकार ने गाइडलाइन जारी की है। सभी कलेक्टरों को गाइडलाइन भेजकर पाकिस्तानी हमले से निपटने के लिए तैयारियां रखने के आदेश दिए हैं। कलेक्टरों और एसपी को जिलों में आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाएं रखने के आदेश दिए हैं। गृह विभाग की आपदा प्रबंधन गाइडलाइन के अनुसार दुश्मन देश की तरफ से हमले की स्थिति में सभी अस्पतालों में जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध रहे, ऐसी व्यवस्था तत्काल करने को कहा गया है। अस्पतालों में डॉक्टर पूरे स्टाफ के साथ मौजूद रहे। ब्लड बैंकों में सभी ग्रुपों का ब्लड पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। चिह्नित अस्पतालों और स्कूलों में जहां पर टेम्परेरी अस्पताल और लोगों के रहने की व्यवस्था की जा सकती है। जनरेटरों की व्यवस्था करने को कहा है।

**सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होगी**

सोशल मीडिया पर पूरी तरह निगरानी रखने के आदेश हैं। देश के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने को कहा है ताकि माहौल खराब न हो। कलेक्टर और एसपी भी इसकी मॉनिटरिंग करने के साथ नीचे के लेवल पर इसका पालन करवाएंगे। देश विरोधी और माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वाले तत्काल अरेस्ट होंगे।

**जिलों में खान पान की चीजों और पानी की पूरी सप्लाई रखनी होगी**

कलेक्टरों को खान पान की चीजों और रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली सामग्री की पूरी सप्लाई चेन पर निगरानी रखने को कहा है। खान पान की चीजों की किल्लत न हो। बिना वजह स्टोरेज नहीं हो, इसकी भी निगरानी करने के निर्देश हैं। जलदाय विभाग को इमरजेंसी के हालात में पानी की पूरी व्यवस्था रखने को कहा है।

**सीमावर्ती जिलों के अफसरों को आर्मी और सुरक्षा एजेंसियों से तालमेल रखने के आदेश**

गाइडलाइन के अनुसार सीमावर्ती जिलों से जुड़े संभागीय आयुक्त,आईजी, कलेक्टर, एसपी को अपने इलाकों के सेना और केंद्रीय एजेंसियों के अफसरों से लगातार संपर्क और तालमेल बनाकर रखना होगा। केंद्रीय एजेंसियों तालमेल के साथ काम करने को कहा है।

**सीमावर्ती गांवों में इमरजेंसी के हालात में लोगों को शिफ्ट करने की योजना भी तैयार होगी**

कलेक्टरों को सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तान बॉर्डर पर बसे गांवों से आपात हालात में लोगों के निकास और शिफ्ट करने की योजना भी तैयार कराने को कहा है। पाकिस्तानी हमले की स्थिति में सीमा के पास के गांवों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की योजना पहले से तैयार रखने और उस हिसाब से सभी व्यवस्थाएं भी तैयार रखने के आदेश हैं।

**अस्पताल, पावर प्लांट, तेल गैस के डिपो, पाइपलाइन, धार्मिक स्थलों जैसी अति संवेदनशील जगहों की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश**

गृह विभाग की गाइडलाइन में जिले के अति संवेदनशील जगहों की लिस्ट अपडेट करके सुरक्षा बढ़ाने को कहा है। अस्पताल, पावर प्लांट, तेल गैस के डिपो, पाइपलाइन, धार्मिक स्थलों को अति संवेदनशील मानते हुए इनकी सुरक्षा पुख्ता करने के आदेश हैं।

**सभी फायर बिग्रेड को एक्टिव मोड पर रखना होगा**

सभी जिलों में फायर बिग्रेड को एक्टिव मोड में रखने को कहा गया है। ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मौके पर पहुंच सके। सरकार की तरफ से जारी किए जाने वाले आदेशों और आपात व्यवस्थाओं की जानकारी हर गांव तक पहुंचाने को कहा है। लोगों में यह विश्वास रहे कि सरकार उनके साथ है और पैनिक नहीं फैले।

**मोबाइल औ संचार सिस्टम चालू रहेंगे, जनता तक सूचनाएं पहुंचाने के लिए सार्वजनिक जगहों पर माइक सिस्टम लगेंगे, कम्युनिकेशन सिस्टम चालू रखने होंगे**

गाइडलाइन के आनुसार जिलों में संचार सेवाओं को सुचारू रखने को कहा गया है। मोबाइल कनेक्टिविटी लगातार रहे। लोगों तक सूचनाएं पहुंचाने सार्वजनिक जगहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम ( माइक) लगाने और चालू हालत में रहे। जिलों में समय समय पर आपदा प्रबंधन योजना की मॉक ड्रिल करने को कहा है। इमरजेंसी के हालात में एनजीओ राष्ट्रीय सेवा योजना औ एनसीसी कैडेट की सेवाएं ली जाएंगी।

# विधुत निगम कार्य लय नपा के छेत्र मे खोला जाये किसान नेता रामकिशन नें कहा



**मरुधर न्यूज सुनीता सैनी**

**बावल** विधुत निगम के एक्सन के पहली बार बावल बैठने पर किसान यूनियन के लोगो नें पगड़ी पहनाकर स्वागत किया भाकियू जरनल सचिव रामकिशन महलावत नें बताया की लगातार बावल मे एक्सन की की पोस्ट लागु करने की मांग की जा रही थी लोगो क़ो विधुत सम्बंधित कार्यों के लिए धारूहेड़ा जाना पड़ता था उन्होंने एक्सन क़ो बधाई दी हो लोगो के कार्य करने का आह्वान किया किसान नेता नें कहा कार्यलय शहर से काफ़ी दूर है जिससे लोगो क़ो बहुत परेशानी होती है विधुत निगम कार्यलय नगरपालिका छेत्र मे होना चाहिए जिससे आमजन क़ो दूर नहीं जाना पड़े उन्होंने कहा पुराने निगम कार्यलय का जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाये इस अवसर पर महेन्दर सिंहअतर सिंह नेहरा भूपसिंह महेन्दर थानेदार भरत सिंह नम्बरदार सहित अनेक लोग मौजूद रहे

# रामनिवास गोठवाल का तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर बार संघ नीमराना ने किया स्वागत



**मरुधर विशेष**

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना नायब तहसीलदार रामनिवास गोठवाल का तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर बार एसोसिएशन नीमराना ने गुरुवार को साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई ।इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक निमोरिया ,गजेन्द्र सिंह एडवोकेट, मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पनवाल, रामनिवास सामरिया, विजय चौहान, सतीश निमोरिया, सत्यवीर सिंह चौहान, सुरेश जलालपुरिया, हिम्मत सिंह आर्य,एडवोकेट मनीष यादव,धर्मेन्द्र यादव, जयकिशन, सुभाष चन्द, पीताम्बर , रविन्द्र टाइपिस्ट, विष्णु,भरत सिंह, प्रदीप, गिरधारी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# श्री श्याम मंदिर पर शुक्ल पक्ष एकादशी पर भंडारे का आयोजन



**मरुधर विशेष**

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना हाईवे पर जयपुर पर स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर गुरुवार को भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे का शुभारंभ हवन यज्ञ के पश्चात किया गया । श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष कमल यादव ने बताया कि गुरुवार को एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा के मंदिर में हवन पूजा का कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार रात्रि को श्याम बाबा का विशाल जागरण का आयोजन हुआ। इस अवसरपर श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल यादव ,सचिव शंकर सोनी, कोषाध्यक्ष हवासिंह यादव ,उप कोषाध्यक्ष रविंद्र यादव, सुभाष यादव, सतीश यादव, भीम सिंह यादव ,गणेश शर्मा, सुनील सेन, इंद्रजीत मास्टर, रवि पंडित, पुजारी बाबूलाल पंडित सहित मंदिर कमेटी सदस्य एवं आसपास के श्रद्धालु मौजूद है।

### वर्ष 1976 से लगातार 50 साल...बेमिसाल...

# खैरथल का प्रख्यात शिक्षण संस्थान इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल भव्य तरीके से मनायेगा गोल्डन जुबली महोत्सव



**मरुधर विशेष**

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह** खैरथल । शहर के सिवाना रोड़ पर स्थित प्रख्यात इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल द्वारा 50 वर्षों की बेमिसाल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर कल शनिवार को विद्यालय प्रांगण में भव्य तरीके से गोल्डन जुबली मनाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों सहित स्कूल परिवार में काफी उत्साह हैं। शिक्षा विद स्वर्गीय डॉ एमपी खुराना ने वर्ष 1976 में की थी इन्द्रा हैप्पी स्कूल की स्थापना। संस्था निदेशक पंकज खुराना ने बताया कि इन्द्रा हैप्पी स्कूल का सफलतापूर्वक 50 साल का सफर तय करने के उपलक्ष में स्कूल परिवार की ओर से दस मई कल शनिवार को स्कूल प्रांगण में सांय चार बजे से गोल्डन जुबली के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा पचासवां वार्षिक महोत्सव समारोह। कार्यक्रम में खैरथल- तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार और पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे - मुन्ने बच्चे मनमोहक प्रस्तुति पेश कर धमाल मचाएंगे। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। पंकज खुराना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ही महिला दिवस भी मनाया जाएगा जिसमें महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष रूप से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल खुराना और प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर ज्योति खुराना के नेतृत्व में स्कूल परिवार द्वारा उत्साह के साथ समारोह की तैयारी की जा रही।

# रोकड़िया हनुमानजी में आज कलश यात्रा के साथ कथा का भव्य शुभारंभ

**मरुधर विशेष**



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** धर्मनगरी प्रतापगढ़ जिले के पावन ग्राम झांसड़ी के चमत्कारिक श्री रोकड़िया हनुमानजी मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तमस्वामी जी महाराज (श्रीशंभूपंच अग्नि अखाड़ा क्षेत्र हरिद्वार ) के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दिनांक 9 मई से 15 मई 2025 तक होने जा रहा है द्य , इस संगीतमय एवं जनहिताय दिव्य श्रीमद्भागवत कथा ज़्ञान यज़्ञ में सभी सनातन धर्मप्रेमी भक्त ज़न ज़न से स-परिवार एवं अपने ईष्ट मित्रों सहित धर्म का लाभ लेने की अपील मंदिर समिति द्वारा की गई है द्य दिनांक 9 मई , शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से गाँव में भव्य शोभा यात्रा कलश यात्रा निकाली जाएगी द्य जिसमें बैंड .,बाजे , ढोल के साथ माता- बहने बड़े उत्साहपूर्ण वातावरण में बड़ी संख्या में भाग लेगी द्य शोभायात्रा मन्दिर पहुंचेगी द्य इसमें दूर दूर जनजाति क्षेत्रीय गाँवो से भी माताये भाग लेने आएगी द्य इसके बाद पौथी पूजन ,गुरू पूजा के साथ कथा प्रारंभ होगी द्य यहा छठी कथा.....ये जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष भँवरलाल व्यास ने दी और बताया कि कथा समय प्रतिदिन प्रातः 10.30 से 1.30 बजे दोपहर तक एव कथा स्थान- श्रीरोकड़िया हनुमानजी मंदिर परिसर झांसड़ी, - प्रतापगढ़ रहेगा द्य कथा की तैयारियो को लेकर सनातन धर्म उत्सव समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश ओझा ने कल समस्त जानकारी ली और जिम्मेदारियो के लिए प्रभार दिए द्य समिति के सदस्य- प्रकाशचंद्र व्यास बगदीराम पुष्कर लाल लक्ष्मण सिंह आदि के साथ मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यो की टीम तन मन धन से समर्पित होकर कार्य कर रही है द्य श्री उत्तम स्वामीजी गुरू भक्त मंडल के रवि सोनी कमलेश पाटीदार आदि सदस्यो की पूरी टीम भी कार्य सम्पादन कर रहीं है। कथा मे म. प्र. गुजरात. दिल्ली महाराष्ट्र उ.प्र.आदि राज्यो और देश भर से गुरू भक्त सम्मिलित होते है । गुरूभक्त मंडल के चन्द्रशेखर मेहता ने बताया कि इस क्षेत्र में गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज की यह 11 वी कथा है और यहां झासड़ी में ये छठी कथा है द्य जो इस मंदिर के 2009 मे शिलान्यास, इसके बाद निर्माण, कलशारोहन समस्त कार्यों मे गुरूदेव का बहुत महत्त्वपूर्ण और अकथनीय योगदान है दो द्वार......मंदिर के मेन रोड पर एक प्रवेश द्वार सफ़ेद मार्बल से बनाया जा रहा है द्य इसी तरह प्रतापगढ़ नगर मन्दसौर नाके के पास प्रवेश द्वार नगर परिषद द्वारा बनाया जा रहा है। जो राजस्थान का सबसे बड़ा प्रवेश द्वार होगा द्य इसकी चौड़ाई 50 फीट और ऊंचाई 45 फीट होगी द्य इस पर रामायण कालीन चित्र होंगे जिस पर विद्युत सज्जा लाइटिंग की जाएगी।चमत्कारिक मंदिर... यह मन्दिर बहुत प्राचीन और चमत्कारी है द्य पुराने समय मे ग्रामीण हनुमानजी से घर बनाना,विवाह, खेती, जमीन कुए के लिए नगद रोकड कलदार चांदी के सिक्के उधार मांगते थे। हनुमानजी नगदी-रोकड़ी सिक्के भी उधार देते थे द्य जब काम हो जाता था। तब ग्रामीण वापस खेती की आय से रूपये जमा कर देते थे द्य इस नगद लेन - देन का काम हनुमानजी की जेब से होता था द्य ये जेब हनुमानजी की मूर्ति में आज भी है द्य इसीलिए इस मंदिर का नाम रोकड़िया हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध है द्य गांव के पंच . हीरालाल व्यास और पुराने बुजुर्ग हनुमान जी से रोकड़ी रू. उधार लेने की कई कहानिया सुनाते थे द्य बाद में जब लोगों की नियत में खोट आ गई तो ये लेना देना बंद हो गया द्य फिर आज भी मन्दिर क्षेत्र के कार्यों, मेला आयोजन खर्च, मंदिर निर्माण आदि कार्यों के लिए कभी भी कहीं चंदा लेने जाने की जरूरत नहीं हुई द्य भक्त जनों के सब काम हनुमान जी की कृपा से संपन्न हो जाते द्य हर मंगलवार को भक्त जनों की भारी भीड़ रहती है द्य

### राजकीय बालिका संस्कृत विधालयों को किया क्रमोन्नत

# विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**मरुधर विशेष**



**कोटपूतली,** राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दो संस्कृत विधालयों (बालिका) को क्रमोन्नत किया है। विधायक पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम रामसिंहपुरा व पुरूषोत्तमपुरा स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विधालय (बालिका) को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय (बालिका) में क्रमोन्नत किया है। इस पर पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि संस्कृत शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं को इसका बेहद लाभ मिलेगा। उन्हें संस्कृत के उच्च अध्ययन के लिये अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही बालिकाओं में संस्कृत शिक्षा के प्रति रूझान भी बढ़ेगा।

# सांसद संजना जाटव ने किया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण





**मरुधर विशेष**

**संवाददाता सलीम खान** कामां पहाड़ी -गांव चंदुपुरा (पहाड़ी) मे भारत रत्न, संविधान निर्माता, समाज सुधारक और करोड़ों वंचितों की आवाज़ डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि भरतपुर सांसद जाटव द्वारा किया गया ।यह केवल एक मूर्ति का अनावरण नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता, बंधुत्व और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी गहरी आस्था और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के बल पर कोई भी सामाजिक बदलाव संभव है।उनकी इस प्रेरणा को गांव-गांव तक पहुँचाना हमारा संकल्प है, ताकि हर पीढ़ी उनके विचारों से जुड़ सके और एक समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में आगे बढ़े। सांसद प्रतिनिधि चन्दन सिंह जाटव हीरालाल जाजोरिया राजेंद्र सेहसन योगेश कुमार सुरेंद्र सिंह विपिन भास्कर बिजेंद्र रमन सुनील संजू गांव के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार, उकसाने वाली पोस्ट डालने का आरोप

**श्रीगंगानगर**




भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में ?श्रीगंगानगर में 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। श्रीगंगानगर जिले के विजयनगर थाना इलाके में गांव 16 जीबी निवासी 57 वर्षीय कमलजीत सिंह को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है। उस पर फेसबुक पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट डालने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, कमलजीत सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक तनाव को लेकर ऐसी टिप्पणियां कीं, जो साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती हैं। पोस्ट में अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली बातें भी थीं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर डिजिटल फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। जांच से यह पता लगाया जाएगा कि उसने और भी कोई विवादित सामग्री तो नहीं फैलाई। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को जैसे ही इस पोस्ट की जानकारी मिली, विजयनगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि ऐसे समय में कोई भी भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईटी सेल को सोशल मीडिया पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध अकाउंट्स की निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि समाज को तोड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। सूरतगढ़ की सदर थाना पुलिस ने मंगलवार 6 मई को देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त एक युवक को ढाबां झालार गांव से गिरफ्तार था। पकड़ा गया युवक 35 वर्षीय सुखविंदर सिंह है उर्फ बिट्टू मूल रूप से रायसिंहनगर के क्षेत्र का निवासी है, जो सूरतगढ़ क्षेत्र के 18LGW के एक खेत में काश्त करता है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक सुखविंदर सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट पर राष्ट्र विरोधी और गैर कानूनी गतिविधियां पाई गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बने हालातों के मद्देनजर पुलिस लगातार उस पर निगाह रख रही थी, जिसे गिरफ्तार कर आरोपी का फोन भी जब्त किया गया। इसे लेकर सुखविंदर सिंह पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने सहित विधि विरुद्ध क्रियाकलाप की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।


# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 2 युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत

**बूंदी**



बूंदी जिले में बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 2 युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत हो गई और 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कोटा रेफर किया गया है। हादसा खटकड़ में लाखेरी रोड पर गुरुवार सुबह 11.30 पर बजे हुआ। बूंदी कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि चौतरा का खेड़ा निवासी छोटूलाल की बेटी की शादी माटुंडा में समाज के सम्मेलन में होनी थी। बारात माटुंदा गांव जा रही थी। रास्ते में स्टेट हाईवे पर गेंडोली और रायथल थाना क्षेत्र की सीमा पर एक बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से दो युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में किरण (8) पुत्री बनवारी बैरवा, ज्योति (35) पत्नी बनवारी बैरवा, शांति बाई (55) पत्नी रामस्वरूप, कृष्णा (20) पुत्री छोटूलाल और कोमल (20) पुत्री रामस्वरूप बैरवा शामिल हैं। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जेसीबी मशीन से ट्रॉली को सीधा किया गया और उसे जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि माटुंदा गांव में बैरवा समाज का सम्मेलन होना था, जहां चौतरा का खेड़ा गांव की लक्ष्मी की शादी थी। ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे के बाद बाराती ट्रॉली के नीचे करीब आधे घंटे तक दबे रहे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और जेसीबी की मदद से रेस्क्यू किया गया। घायलों को तीन एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। खटकड़ सीएचसी प्रभारी परमानंद मीणा के अनुसार घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बूंदी रेफर किया गया। ट्रॉली के नीचे दबने से जीतू, शिवानी, ज्योति, संजना, उर्मिला, नटी बाई, सीताबाई, कृष्णा, मोनिका और शिवानी सहित करीब 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर अक्षय गोदारा और एसपी राजेंद्र कुमार मीणा अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों से बातचीत की और चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।






# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज

**श्वेता** तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म द भूतनी रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। द भूतनी को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली में भी नजर आईं। पलक जल्द ही फिल्म रोमियो एस3 में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं।

ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में भरा जोश,

# कंगना से लेकर अक्षय तक बोले- जय हिंद

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अब तक कई बॉलीवुड कलाकारों ने इस ऑपरेशन पर अपना रिएक्शन दिया है... भारत ने 15 दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। अब इस ऑपरेशन पर कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर से लेकर विनीत कुमार सिंह जैसे सितारों के नाम शामिल हैं। बुधवार सुबह रितेश देशमुख, निमरत कौर और विनीत कुमार सिंह और अनुपम खेर जैसे एक्टर्स और डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने सोशल मीडिया पर इंडियन आर्मी की तारीफ की है। अभिनेता रितेश देशमुख ने इस कार्रवाई के बाद एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा, जय हिंद की सेना... भारत माता की जय। साथ ही, उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर लिखा नजर आ रहा है।



## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'


पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

## तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराईं। उनके साथी रैपर क्क रॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं–आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी हैं।




# कश्मीरी मुस्लिम होने पर हुआ अली गोनी के साथ भेदभाव

● एक्टर बोले- 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते



टीवी एक्टर अली गोनी ने कई बार ये जिक्र किया है कि कश्मीरी और मुस्लिम होने पर उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ चुका है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में अली ने बताया है कि जब वो गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ मुंबई में घर ढूंढ रहे थे, तब कई लोगों ने ये कहते हुए घर देने से इनकार कर दिया कि वो मुस्लिमों को घर नहीं देते। अली गोनी हाल ही में इनकंट्रोवर्शियल पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उनसे पूछा गया कि कश्मीरी होने पर उन्हें कैसे भेदभाव का सामना करना पड़ा। इस पर एक्टर ने कहा, इंडस्ट्री में तो कभी ये नहीं हुआ, लेकिन घर ढूंढने में मेरे साथ भेदभाव हुआ। बहुत ज्यादा, आज भी होता है। अभी भी मैं और जैस्मिन घर ढूंढ रहे थे, तो मैं आपको 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते। आगे अली ने कहा है, मैंने देखा है कि जितने मना करने वाले थे, वो बूढ़े ही थे। या 50-60 के थे। ज्यादा से ज्यादा 5-10 साल जीने वाले हैं वो। उसके बाद या जलकर राख हो जाएंगे या कब्र में दफन हो जाएंगे। तो क्या करेंगे उस बिल्डिंग का। अली गोनी ही नहीं कई सेलेब्स ने भी मुंबई में घर न मिलने की शिकायत की है। कुछ समय पहले ही उर्फी जावेद ने ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा है कि कुछ ने उन्हें मुस्लिम होने पर घर देने से इनकार कर दिया, तो किसी को उनके काम से आपत्ति थी। उनके अलावा बिग बॉस 18 का हिस्सा रहीं यामिनी मल्होत्रा भी बता चुकी हैं कि उन्हें मुंबई में घर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। वो जहां जाती हैं, वहां उनसे धर्म पूछा जाता है। इसके बाद भी अगर कोई घर देने को राजी हो जाए तो ये सुनकर इनकार कर देता है कि वो एक्ट्रेस हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस चारू असोपा, आकांक्षा जुनेजा, बिग बॉस फेम शहजादी और शिरीन मिर्जा ने भी इस तरह की परेशानी का सामने करने का जिक्र किया था।



निशात रेप केस पर फूटा हिना खान गुस्सा कहा-

# राक्षस हर धर्म, समुदाय में मौके की तलाश में हैं, शराब को इसके लिए जिम्मेदार न ठहराएं

श्रीनगर के निशात इलाके में हाल ही में एक महिला पर 4 शराबियों ने हमला किया और फिर रेप कर उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश है, हालांकि एक हिस्सा ऐसा भी है जो शराब को इस हत्या और रेप के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले पर अब हिना खान ने शराब को दोषी ठहराने वालों को करारा जवाब दिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि राक्षस हर धर्म और समुदाय में हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं, ऐसे में सिर्फ शराब को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। हिना खान ने ऑफिशियल क्ष्ठ प्लेटफॉर्म में लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर कर लिखा है, क्या कोई इन बेवकूफों को रेप और शारीरिक शोषण में फर्क बताएगा। रेप, रेप है और मर्डर, मर्डर है। शारीरिक शोषण को अलग-अलग बताया जा सकता है, लेकिन ये रेप सिर्फ एक संकेत है। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अपराधी ऐसा कर नहीं सका, न कि ये कि अपराधी ने ऐसा नहीं किया। एक रेपिस्ट खुद के अलावा हर किसी को दोषी ठहराता है। उस अपराधी की तरह व्यवहार न करें। अपराधी को मुफ्त में भागने का कार्ड देने के लिए शराब का इस्तेमाल न करें। रेप को ठीक मत ठहराइए। यौन उत्पीड़न को भी ठीक मत ठहराइए। धर्म, समुदाय, भूगोल या पहनावे के नाम पर नहीं। आगे हिना खान ने लिखा है, ये राक्षस हर जगह, हर समुदाय, हर धर्म में मौजूद हैं। अवसर की तलाश में। शराब कई चीजों का कारण बनती है, लेकिन ये एक अच्छे आदमी को बलात्कारी नहीं बनाती।

# महेश दोसी उपाध्यक्ष, वरुण खोडणिय जिला महामंत्री नियुक्त

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** बड़ोदिया दिगंबर जैन युवा परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें बड़ोदिया के महेश दोसी को जिला उपाध्यक्ष और वरुण खोडणिया को जिला महामंत्री बनाया गया।नियुक्ति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन की स्वीकृति और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष मेहता की अनुशंसा पर हुई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. अभिनंदन जैन ने कार्यकारिणी की घोषणा की। महेश दोसी जीवदया में पशु पक्षियों के लिए भोजन व इलाज संबंधी सेवा देने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वरुण खोडणिया साधु सेवा के कार्यों में साधु-संतों के नगर प्रवेश व विहार जैसे कार्य में अग्रणी रहे हैं। दोनों युवाओं से कहा गया कि वे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अन्य युवाओं को भी जोड़ें। कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर दोनों को समाजजनों ने बधाई दी। साथ ही हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।





## अतिरिक्त जिला कलक्टर के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्मिकों ने किया श्रमदान

# नियमित श्रमदान से कार्यस्थल साफ, सुंदर और व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है - एडीएम

मरुधर विशेष

**कोटपूतली-बहरोड़,** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की पहल पर शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर का मुआयना कर स्वयं भी श्रमदान कर कार्मिकों का हौसला बढ़ाया। कार्मिकों ने सफाई कर यह संदेश दिया कि श्रमदान के माध्यम से हर व्यक्ति को जुड़ना है एवं सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाना है। श्रमदान के दौरान साफ की गई घास एवं अन्य कचरें के साथ ही मिट्टी को वहां से हटाकर अन्य स्थल पर डाला गया। श्रमदान के प्रति सभी ने रूचि दिखायी एवं अपने हाथों से श्रमदान कर कार्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की सीख दी।



अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि ऑफिसों में श्रमदान के कई फायदे होते हैं, जो न केवल कार्यस्थल के माहौल को बेहतर बनाते हैं, बल्कि कर्मचारियों के विकास में भी मदद करते हैं। इससे टीम भावना और सहयोग में वृद्धि होती है, सभी कर्मचारी मिलकर एक कार्य करने से आपसी समझ बढ़ती है, और टीमवर्क मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि अपने ऑफिस के लिए कुछ करने से कर्मचारियों में उस स्थान के प्रति अपनापन और ज़िम्मेदारी का भाव आता है। नियमित श्रमदान से कार्यस्थल साफ, सुंदर और व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है साथ ही श्रमदान से व्यक्ति में सेवा भाव, नम्रता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का विकास होता है एवं यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद रहता है.



# भव्य कलशयात्रा



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** प्रतापगढ़: गांव झासडी में महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो गांव के अंतिम छोर से मंदिर तक दो किलोमीटर तक विशाल थी। हजारों माता बहिनो, बालिकाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया । जनजाति परिवार के सुदूर गांवों, वीरपुर. सुहागपुरा. अरनोद, दलोंट तक से आदिवासी परिवारों की महिलाओ ने उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में घोडे, बैंड-बाजे-बग्घी, ढोल के साथ महिलाएं भजनो के साथ नृत्य करती चल रही थी।

# सज्जनगढ़ कस्बे में अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह के तहत बर्तन बैंक का उद्घाटन

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं ग्राम विकास अधिकारी रहे मौजूद रहे

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** बांसवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत सज्जनगढ़ मुख्यावास पर बर्तन बैंक का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया, सरपंच कांता देवी कटारा, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश कुमार सोनी, समाजसेवी शांतिलाल कटारा एवं अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रतन देवी कलाल, सचिव मंजूला देवी कलाल के सानिध्य में उद्घाटन किया गया। सज्जनगढ़ ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी कमलेश कुमार सोनी ने कहा की राजस्थान सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के उद्देश्य से 'बर्तन बैंक योजना' की शुरुआत की है।इन बैंकों में स्टील के बर्तनों के सेट उपलब्ध होंगे, जिन्हें सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए किराए पर लिया जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना, पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करना और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देना है। बर्तन बैंक का संचालन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस योजना के तहत, प्रत्येक बर्तन सेट में एक थाली, तीन कटोरी, एक चम्मच और एक गिलास शामिल होंगे। हर बर्तन पर ग्राम पंचायत का नाम और 'स्वच्छ भारत मिशन' अंकित किया जाएगा। बर्तन 5 वर्षों के बाद बदले जा सकेंगे, हालांकि अच्छी स्थिति में रहने वाले बर्तन आगे भी उपयोग में लिए जा सकेंगे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने कहा की इस योजना से न केवल प्लास्टिक के उपयोग में कमी आएगी, बल्कि गांवों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को भी मजबूती मिलेगी। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना बर्तन बैंक को प्रारम्भ किया है जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ आमजन को भी लाभ मिलेगा। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह एवं कस्बे की कई महिलाए भी उपस्थित रही।



# तीनों ताप का विनाश कर देता है ईश्वर का नाम- उत्तम स्वामी





मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा प्रतापगढ़:** जिसके चित्त में ईश्वर है, उसे सदा आनंद ही आनंद है। "सच्चिदानंद स्वरूपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे, ताप त्रय विनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नमः' श्लोक के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का उद्घोष श्री रोकडिया हनुमान जी मंदिर में महामंडलेश्वर 1008 श्री ध्यान योगी महर्षि उत्तमस्वामी महाराज के मुखारविंद से हुआ। महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा- जिस के मन में सत्य है, उसे ईश्वरीय आनंद की प्राप्ति निश्चित है। ईश्वर का जो सत्य स्वरूप है, वही विश्व की उत्पत्ति का कारण है, जो मानव के तीनों ताप-दैहिक, दैविक, भौतिक ताप का विनाश करता है-ऐसे भगवान श्री कृष्ण को हम सब नमन करते हैं। महर्षि उत्तम स्वामी जी ने कहा- भागवत में नाम स्मरण का बड़ा महत्व बताया है ग्र ईश्वर का नाम जिस के मन में है उसे ही ईश्वरीय आनंद की प्राप्ति होती है। आज पौथी पूजन और भजन से शुरू हुई कथा में गुरूदेव ने प्रारंभ में हजारों भक्त जनों से हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ करवाया। भक्तजनो के लिए प्रतिदिन 10 बजे गांधी चौराहा से कथा मे आने के लिए और कथा-आरती -प्रसादी के बाद जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। कथा में सनातन धर्म उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश ओझा संरक्षक, रोकडिया हनुमान जी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भवरलाल व्यास, गुरु भक्त मंडल के रवि सोनी आदि ने गुरूदेव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। ये जानकारी गुरु भक्त मंडल के चन्द्रशेखर मेहता" ने दी। मुख्य यजमान कमलेश पाटीदार ने पौथी पूजन किया। गोपाल टांक दिनेश टाक परिवार भोजन प्रसादी के लाभार्थी रहे। भोजन प्रसादी यहां कथा के बाद प्रतिदिन हो रही।

# ढाणी पथरावाली में शिव भोले बाबा का भंडारा आयोजित गायक कलाकारों ने बाबा का या गुणगान



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना क्षेत्र के गांव दौलतसिंहपुरा की ढाणी पत्थरावाली में शुक्रवार ग्रामीणों के सहयोग से शिव भोले बाबा का भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का आयोजन से पूर्व पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ के बाद भंडारे का शुभारंभ किया भंडारा शुक्रवार देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किन्नर गुरु मधु शर्मा नीमराना और सोनी हॉस्पिटल की डॉक्टर दीपिका यादव नीमराना रही। ग्रामीणों कि तरफ से अतिथियों का फूल मालाओं और शिव भोले बाबा का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चारों ओर से रोड़वाल,माजरीकलां,ढुडाड़िया , नीमराना, उमरावगढ, अबलपुरा,सिलारपुर,दौलतसिहपुरा गांव की 12 ढाणी यों के श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी पाई। मुकेश फौजी एण्ड मिस गरिमा, सोनू शेखावाटी एण्ड मधु गुरु किन्नर की पार्टी ने भोले बाबा की महिमा का गुणगान प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया गया। मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता संजय यादव दौलतसिंहपुरा, समाज सेवी रामपाल यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भोलू नाथ महाराज नीमराना, फूलसिंह, जयराम, महेंद्र सिंह, रामसिंह, बलबीर यादव, सतवीर सिंह,अभय सिंह, मुन्शीराम,रामफल, रामनिवास, वीर सिंह, दिनेश कुमार बोहरा, योगेश कुमार,शिशराम, सामाजिक कार्यकर्ता नत्थू राम रोडवाल आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जिला परिषद सदस्य वार्ड नंबर 29 के उपचुनाव के लिए अधिसूचना हुई जारी

## नाम निर्देशन पत्र की अंतिम तिथि 14 मई और मतदान 26 मई को

मरुधर विशेष

**कठूमर( दिनेश लेखी)।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में जिला परिषद सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र कठूमर के वार्ड संख्या 29 (अनुसूचित जाति) जिला परिषद सदस्य के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी की है। जिला परिषद सदस्य के लिए नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी (जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, अलवर) को कक्ष संख्या 127, प्रथम तल, मिनी सचिवालय, कलक्ट्रेट, अलवर या सहायक रिटर्निंग अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, प्रथम, अलवर) को कक्ष संख्या 127, प्रथम तल, मिनी सचिवालय, कलक्ट्रेट, अलवर पर 14 मई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन करने की अंतिम तिथि है। तथा 15 को नामांकन पत्रों की जांच और 16 मई को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। 26 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 27 को सुबह 9 बजे से जिला परिषद सदस्य की मतगणना मतों की गणना 27.05.2025 (मंगलवार) को प्रातः 9:00 बजे से बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय कमरा नं. 20, अलवर में की जावेगी।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पीएचसी रघुनाथपुरा और प्राथमिक विद्यालय आसपुरा का किया औचक निरीक्षण

## सीएचसी में चिकित्सक एवं कार्मिक अनुपस्थित मिले, सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधितों को पाबंद किया

मरुधर विशेष

**कोटपूतली-बहरोड़,** । अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शुक्रवार को रघुनाथपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आसपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, निःशुल्क दवा योजना, निःशुल्क जांच योजना, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्ययोजना, चिकित्सा इकाई पर बेहतर साफ-सफाई, चिकित्सा संस्थान पर चिकित्सा अधिकारी-प्रभारी कार्मिकों की उपस्थिति, विभाग से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीएचसी के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। शौचालय और साफ-सफाई का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मौके पर मेडिकल ऑफिसर एवं 2 कार्मिक अनुपस्थित पाए जाने, ओपीडी कम पाए जाने एवं साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने एवं सफाई हेतु सम्बन्धित को पाबंद करने के निर्देश दिए.



उन्होंने मौसमी बीमारियों को फैलने से रोकने के उपायों को अपनाने के निर्देश दिये। स्टोर में दवाईयों का पर्याप्त भण्डारण रखने, चिकित्सा केंद्र पर दवाईयों को नियमानुसार व्यवस्थित तरीके से रखने, ओपीडी रजिस्टर में ओपीडी क्रमांक सही से डालने के निर्देश दिए एवं केंद्र पर आगंतुकों से संवाद कर आवश्यक सुधार के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संस्था पर आने वाले मरीजों को संतोषप्रद सेवाएं प्रदान करने एवं निर्धारित समय तक उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक मरीज को सरकार की मंशानुरूप ईलाज और सुविधाऐं संस्थान पर मिलनी चाहिए।

### प्राथमिक विद्यालय आसपुरा का किया निरीक्षण

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय आसपुरा का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था के स्तर को जांचा एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक बैठाकर मिड-डे मील वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मिड-डे मील में सप्लाई होने वाले गेंहू, चावल, मसाले, मील का लेखा संधारण, भोजन मेन्यू की जानकारी प्राप्त कर रसोई में नियमित रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखते हुये मिड-डे मील तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन देने के निर्देश दिए जिससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास बेहतर तरीके से हो सके. उन्होंने बच्चों का शैक्षणिक स्तर परखने के लिए बच्चों से संवाद कर अध्यापकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए साथ ही संस्थान में बैठक, पेयजल, एवं शौचालय व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए एवं उपस्थिति पंजिका, चार्ट व अन्य रजिस्टरों की गहनता से जांच की.

# सुरक्षा के मद्देनजर रेवाड़ी पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

मरुधर विशेष

**मरुधर न्यूज, रेवाड़ी। (अमित सैनी)** रेवाड़ी पुलिस ने भारतीय सेना द्वारा आंतक के विरूद्ध चलाए जा रहे ऑप्रेशन सिन्दूर को मद्देनजर रखते हुए आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि इन हालातो में सबसे आवश्यक है सावधान रहें, घबराएं नहीं। सबसे पहले: जान बचाना प्राथमिकता है, घर में सबसे सुरक्षित कमरा पहचानें (जहाँ खिड़कियाँ नहीं हो)। बाहर हो तो पास के मजबूत ढांचे या निचली जगह में लेट जाएं ।तत्काल रिकॉर्डिंग या वीडियो बनाने के लिए बाहर न दौड़े। इमरजेंसी किट तैयार रखें। पहचान पत्र, जरूरी दवाइयाँ, पानी, सूखा खाना, मोबाइल चार्जर, फ्लैशलाइट, किट एक बैग में रखें जो तुरंत उठाकर निकला जा सके। अफवाहों से बचें, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें। सरकारी ऐप (एनडीएमए), एआईआर जैसे विश्वसनीय स्रोतों से ही अपडेट लें । कोई भी संदिग्ध चीज दिखे तो पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर डालें । किसी भी लावारिस वस्तु को ना छुएं तथा लावारिस वस्तु की सूचना एवं आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस को डायल-112 पर सूचना दें।



# नीमराना में ब्लैकआउट को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना औद्योगिक नगरी में ब्लैकआउट को लेकर शुक्रवार शाम को एएसपी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालिनी राज, नीमराना उपखंड अधिकारी महेंद्र सिंह, डीएसपी सचिन शर्मा ने विभिन्न शाहजहांपुर,नीमराना की हाउसिंग सोसायटी के प्रबन्धको के साथ देश के वर्तमान माहौल को लेकर चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नीमराना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालिनी ने कहा कि हाउसिंग सोसायटी प्रबन्धको को नीमराना औद्योगिक नगरी में ब्लैक आउट के साथ ही सोसायटी में मॉकड्रिल करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।क्योंकि नीमराना एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है।जहाँ पर बड़ी संख्या में बाहरी राज्यो के श्रमिकों के साथ ही देशी व विदेशी फैक्ट्रियां सन्चालित है।ऐसे में नीमराना औद्योगिक नगरी में किसी तरह की कोई घटना या हादसा नहीं हो।इसको ध्यान में रखते हुए ब्लैक आउट व मॉकड्रिल को लेकर बैठक में निर्देश दिए है।इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइन को लेकर भी हाउसिंग सोसायटी प्रबन्धको को जागरूक किया है।वहीं आपदा के दौरान उपलब्ध आवश्यक संसाधनों के सही उपयोग करने के साथ ही बचाव के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीणा, शाहजहांपुर थाना प्रभारी मनोहर लाल,मांढ़ण तहसीलदार सुमित भारद्वाज, बीसीएमओ सुरेश यादव सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व विभिन्न हाउसिंग सोसायटी के प्रबंधक उपस्थित रहे।



# श्रीनाथ टेकरी मंदिर मोहन कॉलोनी में भगवान परशुराम के राम राम परशुराम परशु हस्ताय नमःके जाप किए



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ और विप्र बंधुओं द्वारा भारतीय सेना के सम्मान और देश की रक्षा,शौर्य और उत्साह वर्धन उनके मनोबल बढ़े उसके लिए श्री नाथ टेकरी मंदिर मोहन कॉलोनी में भगवान परशुराम के ? राम राम परशुराम परशु हस्ताय नमः के जाप किए गए। जिसमें जिला अध्यक्ष ललित जोशी प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ डॉ कीर्ति आचार्य प्रदेश सचिव पुष्पा व्यास अखण्ड अन्न क्षेत्र संयोगिता कामिनी नागर प्रदेश उपाध्यक्ष दक्षा उपाध्याय आईटी प्रमुख अनिता नागर हेमंत उपाध्याय कैलाश शरद व्यास अशोक चौबीसा ओमप्रकाश व्यास लोकेश भट्ट दिनेश जोशी लोकेश आचार्य नानूराम वैष्णव अमित जोशी सतीश जोशी रजनीकांत उज्ज्वल जोशी आदि की उपस्थिति रही

# खेरली में जिला परिषद उप चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक आज

मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)** । जिला परिषद उपचुनाव को लेकर भाजपा की बैठक आज आयोजित होगी। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने बताया कि जिला परिषद उप चुनाव वार्ड नंबर 29 को लेकर भाजपा मंडल खेरली की बैठक कृष्णा मैरिज होम बाईपास पर 10 मई को दोपहर 2:00 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक वर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, अभिराम दीक्षित एवं कठूमर विधायक रमेश खींची रहेंगे। बैठक में जिला परिषद वार्ड नंबर 29 अनुसूचित जाति के उप चुनाव हेतु टिकिर्थीयो से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस बैठक में भाजपा के वर्तमान एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद, पूर्व वार्ड पार्षद, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिले व प्रदेश के पूर्व पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें।

# संत पालीवाल साधना-तपस्या हेतु जायेंगे बागेश्वर धाम

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति के पदाधिकारी हीरा भाई चंदानी के विशेष आग्रह पर संत एच आर पालीवाल का दो दिवसीय साधना-तपस्या हेतु खजुराहो (एम.पी.) के नजदीक बागेश्वर धाम 11 मई को जाना प्रस्तावित हुआ है। समिति के उपाध्यक्ष रामलाल नकवाल ने बताया कि 11 वे सामुहिक विवाह की सफलता को देखते हुवे एवं 12 वा सामुहिक विवाह जल्द करवाने की प्रार्थना को ले कर संत जी के साथ 7 सदस्यों की टीम 11 मई को उदयपुर रेल्वे स्टेशन से रात्रि 10 बजे प्रस्थान करेंगे। वहाँ से पुनः उदयपुर के लिये 14 मई को प्रातः 9 बजे ट्रेन से उदयपुर के लिए बैठेंगे। जो 15 मई को सुबह 7 बजे उदयपुर पहुंचेंगे।नकवाल के अनुसार यह बागेश्वर धाम की यात्रा संत के साथ हमारी पहली बार हो रही है। संत पालीवाल 2 दिवसीय साधना-तपस्या के साथ खजुराहो मन्दिर मे दर्शनार्थ जायेंगे। हमारी टीम मे चन्द्र प्रकाश सोनी कनिष्क पालीवाल प्यारेलाल प्रेम प्रकाश बारी संत के साथ रहेंगे। उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

# जैन मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज का कठूमर में हुआ मंगल प्रवेश

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** जैन मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज ने शुक्रवार शाम को कठूमर में मंगल प्रवेश किया। स्थानीय जैन समाज ने कठूमर सीमा पर मुनि युधिष्ठिर सागर की आगवानी की। मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज ने भरतपुर के भुसावर में चातुर्मास किया था। और खेरली होते हुए विहार करके कठूमर पहुंचे। और पारसनाथ जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किए।इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732